भारत सरकार

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 5113**

उत्तर देने की तारीख : 02.04.2025

**अल्पसंख्यकों द्वारा संचालित शिक्षा/व्यावसायिक संस्थान**

**5113. श्री तमिलसेल्वन थंगा:**

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्र सरकार के पास मंत्रालय के नियंत्रणाधीन देश में अल्पसंख्यकों द्वारा संचालित शैक्षणिक संस्थानों और व्यावसायिक संस्थानों की राज्यवार कुल संख्या के संबंध में कोई आंकड़े उपलब्ध हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) आज की तिथि के अनुसार इन संस्थानों में शिक्षा और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्रों की राज्य-वार कुल संख्या कितनी है; और

(ग) क्या मंत्रालय द्वारा विगत तीन वर्षों के दौरान इन संस्थानों को कोई वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्यवार ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

**अल्पसंख्यक कार्य मंत्री**

**(श्री किरेन रिजिजू)**

(क) से (ग): अल्पसंख्यकों द्वारा संचालित कोई भी शैक्षणिक संस्थान और व्यावसायिक संस्थान अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के नियंत्रण में नहीं हैं। हालांकि, मंत्रालय ने परियोजना कार्यान्वयन एजेंसियों (पीआईए) के माध्यम से नया सवेरा योजना नामक एक योजना लागू की है, जो मुख्य रूप से तकनीकी/व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए योग्यता परीक्षा और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, बैंकों, रेलवे आदि सहित केंद्र और राज्य सरकारों के तहत समूह 'क, 'ख' और 'ग' सेवाओं और अन्य समकक्ष पदों पर भर्ती हेतु प्रतियोगी परीक्षा के लिए शैक्षणिक और व्यावसायिक संस्थान हैं। इस योजना के तहत कुल 1,19,273 छात्रों/अभ्यर्थियों को योग्यता परीक्षाओं के लिए कोचिंग प्रदान की गई थी। इस योजना को 2022-23 से बंद कर दिया गया है।

*****